# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

# कार्यपरिषद

## की तृतीय बैठक

## दिनांक 19.02.2011 के कार्यवृत्त

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(धरमपुरा) जिला – बस्तर (छ.ग., भारत) 494005
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-239037, Fax 07782-239037, www.bvvjdp.ac.in

क्र. 220/ब.वि.वि./2011

जगदलपुर, दिनांक 24/02/2011

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर छत्तीसगढ़ के कार्य परिषद की तृतीय बैठक दिनांक 19.02.2011 के कार्यवृत्त :–

**(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 24)**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोफे. श्रीमती जयलक्ष्मी ठाकुर | – | अध्यक्ष |
| 02. | पद्मश्री धर्मपाल सैनी, | – | सदस्य |
| 03. | फादर टी.जे. पॉल | – | सदस्य |
| 04. | प्रोफे. ए.एन. खान | – | सदस्य |
| 05. | डॉ. (श्रीमती) व्ही. विजयलक्ष्मी | – | सदस्य |
| 06. | प्रोफे. एस.के. श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 07. | डॉ. एम.आई. मेमन | – | सदस्य |
| 06. | डॉ. जे.के. जैन, कुलसचिव | – | सचिव |

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के कार्य परिषद की तृतीय बैठक दिनांक 19.02.2011 को संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया:–

विषय क्र. 01

विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की द्वितीय बैठक दिनांक 16.12.2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

निर्णय:– **विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की द्वितीय बैठक दिनांक 16.12.2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।**

विषय क्र. 02–

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छ.ग. के प्रशासनिक भवन एवं अकादमिक भवन के रंगाई–पुताई के संबंध में।

विभागीय टीप–

दिनांक 28.02.2011 एवं 01.03.2011 को नौंवा छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन महामहिम राज्यपाल महोदय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होना है,

महामहिम कुलाधिपति महोदय की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन एवं अकादमिक भवन की रंगाई–पुताई करवायी जा रही है। जिस हेतु अनुमानित व्यय राशि रूपये 1.25 लाख रूपये होना संभावित है।

निर्णयः– कार्यपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि, चूंकि नवां छ.ग. युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन महामहिम राज्यपाल महोदय, के मुख्यातिथ्य में होना है एवं महामहिम का प्रथम बार आगमन हो रहा है, अतएव विश्वविद्यालय, प्रशासनिक भवन एवं अकादमिक भवन के रंगाई–पुताई कराने की अनुमति प्रदान की गई।

विषय क्र. 02–

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छ.ग. के मुख्य प्रवेश द्वार (कांक्रीट) एवं लोहा गेट निर्माण करने के संबंध में।

विभागीय टीप–

दिनांक 28.02.2011 एवं 01.03.2011 को नौंवा छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाना है, जिस हेतु अनुमानित व्यय राशि रूपये 3.00 लाख होना संभावित है।

निर्णयः– विश्वविद्यालय हेतु मुख्य प्रवेश द्वार निर्माण कराये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

विषय क्र. 03–

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छ.ग. द्वारा आयोजित नौंवा युवा वैज्ञानिक सम्मेलन हेतु टेंट पंडाल आदि लगवाने के संबंध में।

विभागीय टीप–

दिनांक 28.02.2011 एवं 01.03.2011 को नौंवा युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन महामहिम राज्यपाल महोदय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होना है, महामहिम कुलाधिपति महोदय की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में टेंट–पंडाल, सांउड सिस्टम, प्रोजेक्टर एवं कैटरिंग आदि की व्यवस्था में राशि रूपये 4.00 लाख व्यय होना संभावित है। इसमें अधिकांश व्यय का वहन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा होगा, यदि राशि देना शेष बचे तो वह विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

निर्णयः– निर्णय लिया गया कि यदि छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रदत्त राशि के अतिरिक्त व्यय होता है तो उस परिस्थिति में व्यय की जाने वाली राशि विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जावे।

विषय क्र. 04–

संचालक, शारीरिक शिक्षा पद के विरूद्ध कार्यरत डॉ. एन.के.सिंह, क्रीड़ा अधिकारी को मानदेय भुगतान बावत्।

विभागीय टीप–

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, के प्रारंभ से खेलकूद संबंधी गतिविधियों के लिये संचालक, शारीरिक शिक्षा नियुक्त न होने के कारण एवं सेटअप प्राप्त न होने के कारण उस पद के विरूद्ध डॉ. एन.के.सिंह, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की सेवाएं क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन के लिये ली जा रही है। चूंकि श्री सिंह अपने मूल कार्य के साथ–साथ संचालक, शारीरिक शिक्षा के दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं। अतः उन्हें राशि रूपये 1000/– (रूपये एक हजार) मानदेय भुगतान करने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है। यह राशि शारीरिक कल्याण शुक्ल मद से देय होगी।

निर्णयः– निर्णय लिया गया कि चूंकि श्री सिंह अपने मूल कार्य के साथ–साथ संचालक, शारीरिक शिक्षा के दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं। अतः उन्हें राशि रूपये 1000/– (रूपये एक हजार) मानदेय शारीरिक शिक्षा मद से भुगतान किया जावे।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगलदलपुर (छ.ग.)